महत्वपूर्ण एवं खास

जिला अस्पताल परिसर में पार्किंग स्टैंड कर्मचारियों की बदसलुकी जारी

बिलासपुर (आरएनएस)। जिला अस्पताल परिसर में पार्किंग स्टैंड कर्मचारियों द्वारा आये दिन मरीज व परिजनों से दुर्व्यवहार किया जाता है।आज फिर सुबह उस समय तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। जब एक सायकल सवार युवक ने स्टैंड कर्मचारी से पैसा लेने के बदले पर्ची मांगी। इस बात पर स्टैंड का कर्मचारी भड़क गया और दोनों के बीच काफी बहस हुआ। नगर सैनिक व कुछ लोगो के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

सिम्स में करोड़ों की लागत से लगाये गये सोलर पैनल रखरखाव के अभाव में खराब

बिलासपुर (आरएनएस)। संभाग के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल व मेडिकल कॉलेज सिम्स में पिछले कई सालों से करोड़ो की लागत से लगाये गये सोलर पैनल रखरखाव के अभाव में खराब हो चुका है। जिससे बिजली गुल होते ही पूरे अस्पताल में अंधेरा छा जाता है। वही सभी इलाज व ऑपरेशन बन्द हो जाते है।

बीएसपी हादसे की दण्डाधिकारी जांच प्रारंभ, 22 तक साक्ष्य आमंत्रित

दुर्ग (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी उमेश कुमार अग्रवाल द्वारा दिए गए दण्डाधिकारी जांच के आदेश के परिपालन में जांच अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में हुई घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी गई है। घटना की जांच हेतु निम्न बिन्दु निर्धारित किए गए हैं- घटना का विवरण?, घटना घटित होने का कारण क्या था?, क्या इस घटना को टाला जा सकता था?, इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए सुझाव तथा अन्य बिन्दु जो जांच अधिकारी उचित समझे। घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्ति स्वतः उपस्थित होकर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अग्रवाल के कार्यालय कक्ष क्रमांक 31 (भूतल) में 22 अक्टूबर 2018 तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर मौखिक अथवा लिखित साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

छात्रावास में तैनात महिला होमगार्ड लापता, पुलिस तलाश में जुटी

कोरबा (आरएनएस)। विकासखंड पाली की छात्रावास से महिला होमगार्ड लापता हो गई । होमगार्ड के कमांडेंट से गार्ड के लापता होने की सूचना पाली थाने में दर्ज कराई है। पुलिस महिला की तलाश कर रही है। घटना 25 सितंबर की बताई जा रही है सुनीता पोर्ते होमगार्ड में कार्यरत है। सुनीता की ड्यूटी पाली छात्रावास में लगाई गइ थी। वह हॉस्टल अधीक्षका के साथ छात्रावास में रहती थी। 25 सितंबर को सुनीता ने अपने बच्चे को गृहगांव सिल्ली पहुंचा दिया। उसके बाद छात्रावास में जाने की बात कर पाली लौट गई लेकिन वह छात्रावास नहीं पहुंची। घटना के हफ्ते भर बाद परिवार के लोग छात्रावास पहुंचे। सुनीता छात्रावास में नहीं मिली घटना की जानकारी परिवार ने होमगार्ड के कमांडेंट अशोक वर्मा को दी छानबीन के बाद कमांडेंट ने सुनीता की गुमशुदगी की सूचना शुक्रवार को पाली थाने में दी है पुलिस पतासाजी कर रही है।

चुनावी चेकिंग के दौरान 10 लाख की 200 किलो चांदी जब्त

भिलाई (आरएनएस)। राज्य में चुनावी आचार संहिता लगने के बाद प्रशासन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों की सीमा पर आने जाने वाले वाहनों की कढ़ाई से चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज सुबह पुलिस को चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह पांच बजे कुम्हारी टोल प्लाजा के पास रायपुर से राजनांदगांव की ओर जा रहे एक कार की तलाशी ली गई जिसमें करीब दो सौ किलोग्राम चांदी मिली है। इस मामले पर संबंधित अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार कार रायपुर से राजनांदगांव जा रहा था चेकिंग के दौरान पकड़े गए चांदी में बिछिया, पायल, चाबी रिंग जैसे अन्य आभूषण शामिल है। फिलहाल कुम्हारी पुलिस ने धारा 102 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई इनकम टैक्स अधिकारी करेंगे।

शराबी पिता ने नाबालिग बच्ची को बनाया हवस का शिकार

हरिद्वार (आरएनएस)। एकबार फिर से रिश्ते शर्मसार हुए हैं। पिता ने शराब के नशे में अपनी दस साल की बेटी से दुष्कर्म कर दिया। स्कूल में गुमसुम रहने पर प्रधानाचार्य ने जब बच्ची से पूछा तो उसने रो-रोकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपित पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल, वह पुलिस की पकड़ से बाहर है।

बॉक्सिंग में प्रिया, आरती, प्रीति, मीनू ने जीते मेडल

रुड़की (आरएनएस)। 18वीं राष्ट्रीय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न मुकबाले हुए। पूरे देश से आई खिलाड़ियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते।

अमित शाह की रैली को लेकर राजधानी के कई मार्ग डायवर्ट



रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के साइंस कालेज मैदान में शनिवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह भारतीय जनता पार्टी के बुथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे। वहीं उनके आगमन से प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। जिसे ध्यान में रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो इसलिए इस कार्यक्रम में आने वाले लोगों के वाहनों के लिए निम्नानुसार मार्ग एवं पार्किंग निर्धारित किया गया है।

ट्रैफिक बस, कार एवं अन्य चारपहिया वाहन मार्ग एवं पार्किंग:-

दुर्ग-भिलाई की ओर से आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए मार्ग- टाटीबंध चैक-सरोना ब्रिज - सरोना चैक टोयटा शोरूम के पास-आमानाका थाना मोड़-कांगेरवेली एकेडमी के सामने से होकर एनसीसी मैदान पर वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। बिलासपुर की ओर से आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए मार्ग- भनपुरी तिराहा-रिंग रोड नंबर 02-हीरापुरचौक-टाटीबंध चौक-सरोना ब्रिज-सरोना चैक टोयटा शोरूम के पास-आमानाका थाना मोड़- कांगेरवेली एकेडमी के सामने से होकर एनसीसी मैदान पर वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

बिना पर्ची के मेडिकल स्टोर में बिक रही दवाईयों पर चिकित्सकों ने की आपत्ति

केंद्र सरकार के नियमों का मेडिकल स्टोर संचालक कर रहे उल्लंघन

रायपुर (आरएनएस)। वर्ष 2015 में 30 जून की तिथि तक केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से देश भर के राज्यों में मेडिकल स्टोर संचालकों के लिए बिना चिकित्सक की पर्ची के दवाई बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया था जिसका पालन पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में प्रारंभ हो गया है किंतु छत्तीसगढ़ में आज दिनांक तक बिना चिकित्सक की पर्ची के मेडिकल स्टोर संचालक बेखौफ दवाई बेच रहे हैं।

इस पर आईएमए एसोसिएशन के सदस्य डॉक्टर आरडी अग्रवाल, डॉ. संगीता तिवारी एवं डॉ. मीनाक्षी दुबे ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार के जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ज्ञातव्य है कि हाल ही में मेडिकल ड्रगिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय आव्हान पर ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ भारत बंद किया गया था।

इस दौरान अनेक लोगों ने मेडिकल स्टोर संचालकों के धरने के दौरान नशीली दवाईयों की बड़ी मात्रा में खपत होने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव जोतवानी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

अवैध तरीके से कफ सिरप बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में राजधानी पुलिस ने एक और बड़ी कार्यवाही की है। आरोपियों के कब्जे से 303 नग कोडिन कफ सिरप जब्त किया गया है। जब्त सिरफ की कीमत लगभग 40 हजार रूपए है। आरोपी सुनील उर्फ विशाल पोटवानी बीजीआर मेडिकल स्टोर्स का संचालक है। पोटवानी ने मेडिकल लायसेंस के नियमों के विरूद्ध बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सिरफ का भंडारण कर रखा था। वहीं दूसरे आरोपी आकाश को बिक्री किया था। आरोपी सुनील उर्फ विशाल पोटवानी का मेडिकल लायसेंस निरस्त करने ड्रग विभाग को रिपोर्ट भेजा गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में 21 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

रामदयाल उईके ने थामा भाजपा का दामन

प्रदेश की राजनीति में नया मोड़, कांग्रेस को भाजपा ने लगाया जोरदार झटका

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रामदयाल उईके के अचानक भाजपा प्रवेश करने से प्रदेश की राजनीति में एक नया मोड़ आ गया है। सत्तासीन भाजपा ने कांग्रेस को एक बड़ा झटका दिया है। श्री उईके ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह की उपस्थिति में भाजपा में प्रवेश किया है। 4 बार विधायक रहे रहे रामदयाल उईके फिलहाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष थे। वर्तमान में वे पाली-तानाखार से विधायक हैं, पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी को रामदयाल उईके को भाजपा से कांग्रेस में लाने का श्रेय प्राप्त है। कांग्रेस में आने के बाद रामदयाल उईके को पद-प्रतिष्ठा दोनों मिली और वर्तमान में वे कार्यकारी अध्यक्ष थे। श्री उईके के भाजपा में वापस लौट जाने के बाद कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है।

फूलों से पाएं सेहत और सौन्दर्य लाभ, जानिए ये तरीके

फूलों को देखते ही मन खुश हो जाता है, उनकी खुशबू तन-मन को महका देती हैं और माहौल को खुशनुमा बना देती है। इसके अलावा भी फूल आपकी सेहत और सौन्दर्य को निखारने में कई प्रकार से फायदा पहुंचाते है। आइए, जानिए फूलों के इस्तेमाल से मिलने वाले सेहत और सौन्दर्य लाभ।

1. गुलाब की पत्तियों को दूध में उबालकर नियमित रूप से पीने पर, कब्ज की समस्या समाप्त हो जाती है।

2. गुलाब की पत्तियों को दूध में पीसकर चेहरे पर लगाने से चेहरे पर निखार आता है।

3. सूरजमुखी के फूलों को नारियल तेल में मिलाकर कुछ दिनों तक धूप में रखें। अब इस तेल का प्रयोग शरीर की मालिश के लिए करें। इस प्रयोग से त्वचा संबंधी रोग समाप्त हो जाते हैं।

4. दांत दर्द या मसूढ़ों में सूजन होने पर जूही के पत्तों को चबाकर, देर तक इसका रस मुंह में रहने दें और कुछ समय बाद थूक दें। ऐसा करने से दांत संबंधी सभी बीमारियां खत्म हो जाती हैं।

5. गुड़हल के लाल फूलों का प्रयोग डाइबिटीज और हार्ट संबंधी समस्याओं में किया जाता है। इसके लिए इसे पीसकर मिश्री के साथ खाने से लाभ होता है। इसके अलावा महिलाओं के मासिकधर्म की समस्या में भी यह कारगर उपाय है।

6. मुंह में छाले हो जाने या छिल जाने पर चमेली की पत्तियों का प्रयोग किया जाता है।

गंगनहर से शव बरामद, हत्या की आशंका

रुडकी (आरएनएस)। गंगनहर से एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान मिले है। हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव की शिनाख्त नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार दोपहर कलियर की तरफ से गंगनहर में लोगों ने एक शव को बहता देखा। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर गंगनहर कोतवाली के एसआइ नवीन पुरोहित पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय तैराक मोनू निवासी सोलानी पार्क की मदद से शव को गंगनहर से बाहर निकाला।

अमिताभ के एक्शन सीन देख रोंगेटे खड़े हो गये :अर्जुन कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर का कहना है कि आने वाली फिल्म ठग्स ऑफ हिंदुस्तान के ट्रेलर में अमिताभ बच्चन के एक्शन सीन देखकर उनके रोंगटे खड़े हो गए थे।

अर्जुन कपूर ने अमिताभ के साथ फिल्म 'की एंड का' में काम किया है। अर्जुन कपूर ने कहा , मेरा सौभाग्य है कि इस जेनरेशन में मुझे लगता है मैं पहला एक्टर हूँ जिसने उनके और जया जी के साथ आर बाल्की के कारण स्क्रीन शेयर की है। फिल्म ठग्स आफ हिंदुस्तान में उनका इस प्रकार का एक्शन करते देख मेरे रोंगटे खड़े हो गए। उनकी खासियत है कि वह हंसी मजाक में व्यंग्य में एक एनर्जेटिक माहौल बनाते हैं उतना ही जितना कि एक कोई नौजवान कलाकार बना पाता हों। इसके अलावा मुझे लगता है कि एक सुपरस्टार के बारे में मैं क्या तारीफ करूंद्य उनके काम पर तो पूरी देश दुनिया ने मुहर लगा कर के उन्हें सराहा है।

देश के डॉक्टर आम इंसान के मुकाबले 10-12 साल कम जीते हैं, जाने वजह

विज्ञान न्यूज। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने केरल में डॉक्टरों पर एक अध्ययन किया था। अध्ययन से प्राप्त आंकड़ों से जब देशभर के डॉक्टरों की तुलना की गई तो चौंकाने वाले परिणाम सामने आए। जानकर हैरानी होगी कि देश के डॉक्टर आम इंसान के मुकाबले औसतन 10-12 साल कम जीते हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी भूमिका तनाव की है। वहीं, डॉक्टरों में आत्महत्या के मामले सामने आने की घटनाएं इसका सबसे बड़ा दुष्परिणाम हैं। तनाव की समस्या महिला डॉक्टरों पर भी हावी है। वर्क प्लेस और घर, दोनों जगह दबाव की स्थिति रहने के कारण महिला डॉक्टरों में बर्न आउट के मामले अधिक होने का जोखिम बना रहता है। महिला विशेषज्ञों की तादाद कम होने की वजह से उन्हें अधिक घंटों तक सेवा देनी पड़ती है। डॉ. अग्रवाल के मुताबिक, इन सभी चुनौतियों से बचने के लिए रोगी

और डॉक्टर के अनुपात पर ध्यान देने की जरूरत है। आईएमए ने चिकित्सकों की आत्महत्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट घोषित किया हुआ है। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. केके अग्रवाल के मुताबिक, वर्ष 2018 की शुरुआत में लगभग छह डॉक्टर एक ही समय में एम्स के मनोचिकित्सा वार्ड में भर्ती किए गए थे। भर्ती किए गए डॉक्टर तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रहे थे। करीब 15 से 30 प्रतिशत चिकित्सा छात्रों और मेडिकल रेजिडेंट्स में डिप्रेशन एक समस्या के तौर पर पाई जाती है। तनाव का स्तर इस कदर होता है कि आत्महत्या की प्रवृत्ति हावी होने लगती है। इससे निपटने के लिए कई छात्र बिना डॉक्टर के पर्चे के खुद ही पेन-किलर या एंटी-डिप्रेसेंट लेने लगते हैं। इसके कारण वरिष्ठ डॉक्टरों के लिए काम का तनाव, प्रतिष्ठा पर आंच और अवसाद या थकान के लक्षणों को पहचान पाना मुश्किल हो जाता है।

इन वजहों से डॉक्टरों में बढ़ रहा है तनाव

- **अधिकांश डॉक्टर 12 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी देते हैं।**
- **इनमें शिक्षण, परामर्श, मरीजों को देखना और शोध कार्य शामिल हैं।**
- **बुनियादी सुविधाओं की कमी के बावजूद भारी संख्या में मरीजों को देखते हैं।**
- **थकान, अकेलापन, बीमारियां और डिप्रेशन हावी हो रहा हैं।**

'मुझे अभिनय पसंद लेकिन अभिनेत्री बनने के लिए कुछ नहीं किया: सोनम नायर

करण जौहर की 'कपूर एंड सन्स' में अभिनय कर चुकीं और 'गिप्पी' की निर्देशक सोनम नायर का कहना है कि उन्हें अभिनय करना पसंद है लेकिन उनका अभिनेत्री बनने का कोई इरादा नहीं है।

सोनम ने बताया, ''मेरी इच्छा है कि लोग मुझे कास्ट करें। लेकिन मेरा अभिनेत्री बनने का कोई इरादा नहीं है। जब मैं निर्देशन करती हूं तो मैं प्रत्येक किरदार को निभाती हूं...लाइंस बोलती हूं और अगर मैंने संवाद लिखे हैं तो मुझे पता है कि इनके क्या मतलब हैं। मैं एक व्यक्ति के रूप में बहुत नाटकीय हूं।''